दिन– सोमवार

दिनांक– 05 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार में केन्द्र सरकार के सहयोग से साढ़े छह लाख करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चल रहा है काम।

02 राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– भूमि विवाद के समाधान के लिए चौदह जनवरी के बाद से जिला और अंचलवार होगी समीक्षा।

03. माध्यमिक शिक्षक पत्रता परीक्षा, एसटीईटी का परिणाम जारी। दो लाख छप्पन हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए सफल।

04. और, कड़ाके की ठंढ से आम जनजीवन प्रभावित। कल राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में शीतदिवस की चेतावनी।

————————————————————————

बिहार में केन्द्र सरकार के सहयोग से साढ़े छह लाख करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित प्रगति की पचासवीं बैठक के बाद पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने राज्य के विकास में लगातार केन्द्र से मिल रहे सहयोग के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

———बाइट———

श्री चौधरी ने बताया कि राज्य में रेलवे की एक लाख अड़तीस हजार करोड़ रुपये की लागत से अड़तीस परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। वहीं, सड़क परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत अंठानवे हजार करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ चौबीस परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी दस परियोजनाएं प्रगति पर हैं और इनमें अस्सी हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

———बाइट———

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि विवाद का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है। श्री सिन्हा आज भागलपुर में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सरकार सीधे नागरिकों की सुनवाई और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर फोकस कर रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि जनकल्याण संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों को डिजिटल पोर्टल पर दर्ज कर उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चौदह जनवरी के बाद से जिला और अंचलवार विभागीय कार्यों की समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए सीएससी सेंटर खोले जायेंगे।

———बाइट———

————————————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अधिकारियों को समय पर विभागीय परियोजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। सीवान में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

———बाइट———

————————————————————————————

प्रदेश के प्रमुख बस स्टैंडों पर जीविका दीदी की रसोई खोली जायेगी। पहले चरण में पटना के बांकीपुर और फुलवारीशरीफ बस स्टैंड के अलावा बिहारशरीफ, सीतामढ़ी, दरभंगा और सहरसा समेत उन्नीस बस स्टैंड परिसर में जीविका दीदी की रसोई खोली जायेगी।

————————————————————————————

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी घोटाले में निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है। याचिका में लालू प्रसाद ने आईआरसीटीसी घोटाले में अपने खिलाफ आरोपों को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई चौदह

फरवरी को होगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और ग्यारह अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू सात जनवरी को शपथ लेंगे। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

———————————————————————————

भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की आज जयंती है। इस अवसर पर पटना के राजेन्द्र नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री विजय कुमार चौधरी, रामकृपाल यादव, स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। बाद में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सरकार ने सुशील मोदी की जयंती राजकीय समारोह के रूप मनाने का फैसला किया है।

———बाइट———

इधर, पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में भी सुशील कुमार मोदी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी का परिणाम जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा में कुल दो लाख छप्पन हजार अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

———बाइट———

परिणाम समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के चलते पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पांच दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राज्य के तीस जिलों में शीतदिवस की स्थिति बनी रही। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है। कल सुबह कई जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं, राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कई जगहों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट———

———————————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में खतबात–ए–मोदी नामक पुस्तक का विमोचन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने बताया कि यह पुस्तक वर्ष 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस समारोहों पर दिए गए भाषणों का संकलन है। उन्होंने कहा कि इन भाषणों में सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर आधारित प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली का प्रमुखता से वर्णन है। यह पुस्तक उर्दू भाषा में है और राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद द्वारा प्रकाशित की गई है।

———————————————————————————

दरभंगा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी मोहम्मद प्यारे को बीस साल कारावास और पच्चीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा

सुनाई है। वहीं, अररिया व्यवहार न्यायालय ने आर्म्स एक्ट मामले में दो दोषियों रॉबिन यादव को तीन वर्ष और दिलखुश यादव को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

पटना के इलाहीबाग स्थित एक शर्ट बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण अगलगी की घटना हुई।

———————————————————————————

पूर्णिया में साइबर अपराधियों ने एक अवकाश प्राप्त शिक्षक से सीबीआई अफसर बनकर पैंतीस लाख रुपये ठग लिये। इस मामले में पीड़ित ने स्थानीय साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

———————————————————————————

सारण जिले के मशरख थाना परिसर के पास स्थित एक मंदिर से चोरों ने राम, जानकी और लक्ष्मण की अष्टधातु से बनी प्रतिमा चोरी कर ली। इन प्रतिमाओं का बाजार मूल्य पचास लाख रुपये बताया जाता है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर–साहेबगंज मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————————

बक्सर जिले के बगेन गोला थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर चौरस्ता के पास से पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी अपराधी विजय पांडेय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पटना के राजीवनगर से पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्तौल भी बरामद की गई है।

———————————————————————————

सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र अंतर्गत वाजिदपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर दो हजार पांच सौ तिरानवे लीटर शराब बरामद की है। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं, सुपौल के भपटियाही थाना क्षेत्र के चाँदपीपर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर चार लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है।

———————————————————————————

सहरसा नगर थाना क्षेत्र के गंगजला चौक के पास से पुलिस ने दो तस्करों को छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की बेरहमी से पिटाई के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार में केन्द्र सरकार के सहयोग से साढ़े छह लाख करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चल रहा है काम।

02 राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– भूमि विवाद के समाधान के लिए चौदह जनवरी के बाद से जिला और अंचलवार होगी समीक्षा।

03. माध्यमिक शिक्षक पत्रता परीक्षा, एसटीईटी का परिणाम जारी। दो लाख छप्पन हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए सफल।

04. और, कड़ाके की ठंढ से आम जनजीवन प्रभावित। कल राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में शीतदिवस की चेतावनी।

———————————————————————————

समाप्त